BULANDSHAHR POLICE

दिनांक 18 सितम्बर, 2025 थाना अहमदगढ़

स्टंटबाजों पर थाना अहमदगढ पुलिस का कडा एक्शन, 02 स्टंटबाज ट्रैक्टर सहित गिरफ्तार।

जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतु अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 17.09.2025 को थाना अहमदगढ़ पुलिस थाना क्षेत्र में गश्त करते हुए जब ग्राम पुठरी जाने वाले रास्ते पर पहुंची तो देखा कि ग्राम पुठरी में अन्दर जाने वाले सार्वजनिक मार्ग पर काफी भीड लगी हैं तथा दो व्यक्ति (पैसे रख कर सट्टा लगाकर) रास्ता रोककर दो ट्रैक्टरों को आपस में बांधकर एक दूसरे के विपरीत दिशा में खीच रहे थे। जिससे दोनो ट्रैक्टरों के टायर स्लिप हो रहे थे। जिससे दोनो ट्रैक्टरो के स्लिप होने व टूचेन टूटने से सार्वजनिक मार्ग से आने जाने वाले लोगो व वहां मोजूद व्यक्तियों के जीवन को खतरा होने की प्रबल सम्भावना थी। पुलिस टीम द्वारा 01 ट्रैक्टर चालक व ट्रैक्टर को मौके से गिरफ्तार किया गया तथा दूसरा ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर को लेकर मौके से फरार हो गया। दूसरे ट्रैक्टर चालक को थाना अहमदगढ पुलिस द्वारा आज दिनांक 18-09-2025 को गिरफ्तार किया गया हैं।

अभियुक्तो की गिरफ्तारी के संबंध में थाना अहमदगढ़ पर मुअसं- 291/25 धारा 125, 126(2) बीएनएस व 13 जुआ अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही हैं।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-

1. यतेन्द्र पुत्र फतेसिंह उम्र करीब 32 वर्ष निवासी ग्राम फजलगढ़ी थाना डिबाई जनपद बुलन्दशहर।
2. ललित शर्मा पुत्र रामभूल शर्मा उर्फ रामवीर निवासी ग्राम पूठरी कला थाना अहमदगढ जनपद बुलन्दशहर।

बरामदगी-

1. 01 ट्रैक्टर सोनालिका
2. 01 ट्रैक्टर कुबोटा

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. श्री प्रेमचन्द शर्मा प्रभारी निरीक्षक थाना अहमदगढ़
2. उ0नि0 संजय कुमार
3. है0का0 संजीव कुमार, का0 नवनीत कुमार

मीडिया सैल बुलन्दशहर